Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 19-09-2022 | अंक 348

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# अपेम वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित अपेम लाइव न्यूज के प्रथम वर्षगांठ पर अलग अलग क्षेत्र के 300 लोगों को किया सम्मानित

## चाणक्य आईएएस एकेडमी की ओर से करियर काउंसलिंग, 17 स्कूलों के बच्चों एवं बच्चियों ने दी नृत्य संगीत की प्रस्तुति



समारोह का उद्घाटन करते अतिथिगण



विनय मिश्रा एवं रीमा मिश्रा को सम्मानित करते अपेम के अधिकारी













**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

अपेम वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से टाउन हॉल बरही में करियर काउंसलिंग सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि एसडीपीओ नजीर अख्तर, राष्ट्रपति पुरस्कृत ईशो सिंह, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, चाणक्य आईएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा, जीएम रीमा मिश्रा, देवधारी प्रजापति, अपेम वेलफेयर फाउंडेशन के चीफ एडवाइजर डॉक्टर अनिल कुमार, मुख्य संरक्षक सह डायरेक्टर कपिल प्रसाद केसरी, मुकेश कुमार गुप्ता अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, सचिव दयानंद चौरसिया ,कोषाध्यक्ष सुनील कुमार श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष किशुन यादव, बरही मध्य भाग के जिला परिषद सदस्य मंजू देवी, प्रमुख मनोज रजक, अपेम संरक्षक भगवान केशरी, शिव शंकर लाल, डॉ विजय कुमार , डॉ संगीता चौधरी, प्रदीप रजक, कृष्णा यादव खिरोधर यादव, विजय यादव सहित अपेम से जुड़े सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रुप से दीप जलाकर किया । कार्यक्रम में सभी अतिथियों को मोमेंटो एवं अंग वस्त्र व बुके के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में विजयी हुए पंचायत प्रतिनिधियों, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, उप मुखिया, बरही अनुमंडल के सभी प्रमुख, उपप्रमुख ,मुखिया संघ के अध्यक्ष एवं बरही अनुमंडल के नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्य को बधाई पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं जिला उपाध्यक्ष किशुन यादव ,20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, प्रमुख मनोज रजक ,उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा सहित अन्य सभी पंचायत प्रतिनिधियों को मोमेंटो देखकर सम्मानित किया गया। मौके पर अपेम चयन समिति की ओर से चयनित 15 सरकारी विद्यालय , 21 निजी विद्यालय एवं शैक्षणिक संगठनों को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। साथी ही बरही प्रखंड के चयनित 12 सरकारी शिक्षक 12 सहायक अध्यापक एवं 12 निजी विद्यालय के शिक्षकों को सर्वश्रेष्ठ शिक्षक के तौर पर मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया । इसके अलावे 10 कलाकार ,10 एकल विद्यालय अचार्य , 10 खिलाड़ी एवं बरही क्षेत्र में काम करने वाले 15 सामाजिक, 12 सामाजिक व्यवसायी, 10 सामाजिक कार्यकर्ता एवं 15 शैक्षणिक संगठन सहित अलग अलग कई कटेगरी के कुल 300 को भी प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया । वही लगभग 200 वैसे बच्चो को चाणक्या आईएएस एकेडमी के द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने विद्यालय में टॉप थ्री स्थान प्राप्त किए थे। अनुमंडल टॉपर ईशु एवं उनके विद्यालय के प्राचार्य सुधाकर यादव को यूको बैंक के द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर सनराइज एकेडमी करियातपुर के द्वारा स्वागत गान की प्रस्तुति दी गई । इसके अलावे मध्य विद्यालय तिलैया की बच्चियों के द्वारा भी स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। इसके बाद मध्य विद्यालय बेन्दगी, कस्तूरबा विद्यालय बरसोत, उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोड़ाहर के बच्चियों ने भी एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया । वहीं निजी विद्यालयों में भीमराव अंबेडकर पब्लिक स्कूल मलकोको, इंडियन एंथम स्कूल श्रीनगर, रॉयल आर्किड स्कूल रसोईया धमना, भामाशाह स्कूल बरही, स्मार्ट चौम्प प्ले स्कूल तिलैया रोड, नेक्सजेन किड्स इंटरनेशनल स्कूल बरही, आर्यभट्ट पब्लिक स्कूल कारीमाटी, इंडियन पब्लिक स्कूल ओरिया ,डीएवी पब्लिक स्कूल बरही एवम लूसेन्ट स्कूल के बच्चों के द्वारा भी एक से बढ़कर एक नृत्य संगीत की प्रस्तुति दी गई। जिसे देख कर उपस्थित लोगों ने बच्चों की प्रतिभा को काफी सराहा । इन सभी बच्चों को यूको बैंक बरही की ओर से मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया । मौके पर बरही जवाहर घाट एवं पोड़ैया में फिल्माया गया फिल्म आ भी जाओ पिया का गाना का ट्रेलर भी लॉचिंग किया गया। मौके पर फ़िल्म के निर्माता उमेश राणा एवं बिनय मेहता को फ़िल्म की सफलता को लेकर मोमेंटो को देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही अपेम के क्रियाकलाप एवं कार्यशैली पर बनी फिल्म अपेम वेलफेयर फाउंडेशन एवं अपेम आर्ट एन्ड कल्चर के द्वारा बनी फिल्म गैंगस्टर की भी लॉचिंग के साथ स्क्रीन पर प्रसारित किया गया । जिसे दर्शकों ने खूब सराहा । मौके पर कैरियर काउंसलिंग करते हुए चाणक्य आईएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय कुमार मिश्रा एवं जीएम रीमा मिश्रा ने बच्चों को 10वीं एवं 12वीं पास होने के बाद शिक्षा के क्षेत्र में आईएस या सिविल सर्विसेज का क्षेत्र चुनने की के लिए प्रेरित किया । मौके पर इन दोनों को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के शुभारम्भ में सनराइज एकेडमी के द्वारा तिरंगा यात्रा निकाला गया। कार्यक्रम का संचालन राज आर्यन ने किया। वक्ता के तौर पर ईशो सिंह ने संस्कार शिक्षा पर जोर दिया। अपेम चीफ एडवाईजर डॉ अनिल कुमार ने अपेम की भावी कार्ययोजना की जानकारी दी। मुख्य संरक्षक कपिल केशरी ने धन्यवाद ज्ञापन ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सोनू पंडित, योगेंद्र प्रजापति, रितेश गुप्ता, राज आर्यन उर्फ छोटी, प्रतिभा कुमारी, विकास कुमार, मोनू कुमार, बीरेंद्र कुमार, विकास विश्वास, मो उस्मान, उषा रानी, बिट्टू कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

दिनांक: 19-09-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



# अपेम लाइव न्यूज के प्रथम वार्षिकोत्सव पर आयोजन सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की झलकियां


















APEM LIVE

डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूज़पेपर

## विधायक ने किया धनवार के बाबू गांव में ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

### कहा बिजली की समस्या से क्षेत्र को दिलाएंगे निजात

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


ट्रांसफार्मर का उद्घाटन करते विधायक अकेला

बरही प्रखण्ड के धनवार पंचायत अंतर्गत बाबू गांव में 200 केवीए ट्रांसफार्मर का विधायक उमाशंकर अकेला ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान विधायक श्री अकेला ने कहा कि ग्रामीणों की मांग पर और विधायक के प्रयास से तुरंत ट्रांसफर मुहैया हुआ, जिसका विधिवत उद्घाटन विधायक ने किया और कहा कि मेरे कार्यकाल में बिजली की किल्लत नहीं होगी। कहा कि क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर वह हमेशा से मुखर रहे है। आम व्यक्ति को किसी प्रकार की समस्या होने पर उनसे संपर्क करें। उनका प्रयास होगा कि समस्या का निदान अवश्य होगा। ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर लग जाने से हर्ष व्यक्त करते हुए विधायक एवं मुखिया राजेन्द्र प्रसाद का आभार जताया। मौके पर कांग्रेस जिला महासचिव अब्दुल मन्नान वारसी, बीरबल साहू, युवा नेता मनोहर यादव, वीरेंद्र यादव, रेवाली पासवान, मोहम्मद वारिस अंसारी, महेश प्रसाद कुशवाहा, संजय प्रसाद कुशवाहा, महमूद अंसारी, डॉ साबिर हुसैन, लियाकत हुसैन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## कोरियाडीह में लगा जिओ टावर, मुखिया ने किया उद्घाटन

### जिओ टावर लगने से कॉल एवं इंटरनेट की परेशानी से मिलेगी निजात : राजेन्द्र प्रसाद

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


जिओ टावर का उद्घाटन करते मुखिया राजेन्द्र प्रसाद

मुखिया धनवार राजेन्द्र प्रसाद के प्रयास से धनवार पंचायत के कोरियाडीह में जिओ कंपनी का टावर लगा। जिसका शुभारंभ पूजा अर्चना के बाद मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने फीता काटकर किया। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि कोरियाडीह में मोबाइल टावर नही होने के वजह से क०ल एवं इंटरनेट में काफी परेशानी हो रही थी। जिसको देखते हुए कंपनी से बात कर टावर लगवाने के काम किया। अब कॉल एवं इंटरनेट की परेशानी से निजात मिलेगी। धनवार पंचायत को अ०नलाइन सु. विधा से जोड़ा जाएगा। मौके पर मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, जियो फील्ड इंजीनियर मुकेश कुमार, मनोहर कुमार, इकबाल अहमद, नरेश कुमार वर्मा, प्रकाश साव, अजय कुमार, जगदीश प्रसाद, यशवंत प्रसाद, अजीत कुमार, अशोक प्रसाद, संतोष प्रसाद, सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## सड़क हादसे में विष्णुगढ़ के मजदूर की मुंबई में मौत

### शव पहुंचते हीं परिजनों के विलाप से माहौल हुआ गमगीन

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत चानो पंचायत के मेढ़वाटांड निवासी प्रवासी मजदूर चारो मुर्मू (37) पिता स्व. कोका मुर्मू की मौत मुंबई में एक सड़क हादसे में हो गई। मृतक मुंबई में रहकर राजमिस्त्री का काम करता था। घटना 14 सितंबर को हुई थी। शनिवार को मृतक मजदूर का शव पैतृक गांव लाया गया। शव पहुंचते हीं परिजनों के रोने और चीख की आवाज ने हर व्यक्ति की आंखे नम कर दी। मृतक की पत्नी तथा बच्चे दहाड़ मारकर रो रहे थे।मृतक अपने पीछे बूढ़ी मां, पत्नी तथा तीन छोटे–छोटे बच्चे छोड़ गए हैं। वे घर के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनकी मौत के बाद परिवार के समक्ष रोजी रोटी तथा परवरिश की समस्या खड़ी हो गई है। शव पहुंचने की सूचना पाकर पूर्व मुखिया डुमरचंद महतो, सांसद प्रतिनिधि परमेश्वर महतो, भारतीय मजदूर संघ के प्रखंड अध्यक्ष सुरेश राम मृतक के घर पहुंचे और पीड़ित परिजनों का ढांढ़स बढ़ाते हुए हरसंभव मदद का भरोसा दिया। मृतक के साथ काम करने वाले साथियों ने बताया कि वह लाल सिग्नल देख सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान एक बाइकसवार लापरवाही से लाल सिग्नल को क्र०स करते हुए मजदूर को अचानक जोरदार ठोकर मार दी। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय अस्पताल में ले जाने पर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। स्थानीय मुक्तिधाम में शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## पुरहारा में एकदिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन, पूर्व विधायक ने किया शुभारंभ

### आपसी तालमेल व सामूहिक एकजुटता का परिचायक है फुटबॉल मैच : मनोज यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



शिव शक्ति क्लब पुरहारा द्वारा आयोजित एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बतौर मुख्यातिथि बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव उपस्थित हुए। आयोजको ने प्रतियोगिता में मात्र आठ टीमो का एंट्री लिया था। खिलाड़ियो को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि फुटब०ल का खेल आपसी तालमेल व सामूहिक एकता का परिचायक है। कहा खेल हमे मानशिक व शारिरिक रूप से फिट रखता है। सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव ने कहा कि ग्रामीण स्तर के खिलाड़ियो में प्रतिभा की कमी नही है बस उसे अवसर मिलना चाहिए। प्रतियोगिता का संचालन समाजसेवी सीताराम यादव ने किया। इस संदेर्भ कि जानकारी देते हुए आयोजन समिति सदस्य अविनाश यादव, मोनू यादव, कप्तान मिथलेश यादव ने बताया कि पहले चरण का पहला मुकाबला थाम बनाम सूरजपुरा, दूसरा मुकाबला डाँटो बनाम बरकठा, तीसरा मुकाबला पुरहारा बनाम कोनहारा व अंतिम मुकाबला आरागारो बनाम मंगरमुंह के बीच खेला गया जिसमें थाम, डाँटो, पुरहारा व आरागारो की टीम अपना अपना मुकाबला जीत सेमीफाइल में जगह बनाया। पहला सेमीफाइनल मुकाबला थाम बनाम पुरहारा व दूसरा डाँटो बनाम आरागरो के बीच खेला गया। खिताबी भिंडत के लिए मेजबान पुरहारा व आरागारो की टीम आपने सामने थी। रोमांचक मुकाबले में पुरहारा की टीम ने पेनाल्टी शूटआउट में 3–2 से आरागारो को पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। फाइनल मुकाबले में पुरहारा के गोलकीपर साहिल कुमार को मैन ऑफ द मैच और आरागारो के खिलाड़ी प्रभु यादव को मैन ऑफ द सीरीज से पुरुस्कृत किया गया।

## पदमा में बरही 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा का हुआ जोरदार स्वागत

**अपेम लाइव : पदमा**



पदमा प्रखंड में अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के सौजन्य से 20 सूत्री अध्यक्ष इक़बाल रज़ा अल्पसंख्यक कल्याण समिति अध्यक्ष सह पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि मो0 क्यूम एवं मीडिया प्रभारी तौकीर रजा को माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति पदमा प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सूत्री सदस्य पदमा नईम जावेद ने किया। साथ ही 20 अध्यक्ष इक़बाल रज़ा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार सभी को एक जैसा सम्मान देती है साथ ओबीसी के 27% आरक्षण 1932 के खतियान यानी झारखण्ड की सरकार हम झारखंडवासियों के लिए हमेशा तैयार है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की हमारे विधायक उमाशंकर अकेला के आवाज विधानसभा में गरीबों के प्रति हमेशा गूँजता रहता है। विधानसभा अध्यक्ष मो0 क्यूम बोले कि कम खाओ लेकिन अपने बच्चों को पढाओ ताकि देश के नाम रोशन करे सभी समाज के लोगों को एक सम्मान दें आपसी भाई चारगी को हमेशा कायम रखें। मौके पर 20 सूत्री के सदस्य नाजिर अहमद पदमा, गुलाम सरवर, सकुर मियाँ, खलील मियाँ, मो0 अख्तर, मो0 खुर्शीद, मो0 रियाज, मो0 रहमान, मो0 सेराज, मो0 हलीम, मो0 मुख्तार, मो0 सुल्तान खान, मो0 निजाम, मो0 रऊफ, मो0 मुस्ताक, मो0 लियाकत, मो0 सेराज, मो0 जाकिर, मो0 इब्राहिम, मो0 सोनू, मो0 नईम अंसारी सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।




APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## युवा शक्ति विचार मंच ने मृतक के आश्रित को दी आर्थिक मदद

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**


प्रवासी मजदूर की मौत के बाद आश्रित को आर्थिक मदद देते युवा शक्ति विचार मंच के कार्यकर्ता

विष्णुगढ़ के चानो पंचायत निवासी प्रवासी मजदूर चारो मुर्मू की मौत को लेकर युवा शक्ति विचार मंच ने आश्रित को आर्थिक मदद दी। मृतक प्रवासी मजदूर की मौत 14 सितंबर को महाराष्ट्र के उरन में एक सड़क हादसे में हो गई थी। वह केडी कंस्ट्रक्शन में राजमिस्त्री का काम करते थे। शव पहुंचने पर लोगों ने उनके आश्रितों को हरसंभव मदद का भरोसा दिया था। इस क्रम में युवा शक्ति विचार मंच के कार्यकर्ता मृतक के घर पहुंचे और पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त किया और दो मिनट का मौन रहकर उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की। मृतक के आश्रित को सहयोग से जमा की गई 30 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी। इसके अलावा अन्य मदद का भरोसा दिया। मौके पर विचार मंच के अध्यक्ष रूपेंद्र महतो, सचिव संजय कुमार, उपाध्यक्ष महादेव मुर्मू, उपसचिव राजेश टुडू, बैजनाथ महतो, अनिल टुडू समेत कई लोग मौजूद थे।

## विहिप व बजरंग दल प्रखंड इकाई की बैठक

### प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव के नेतृत्व में संपन्न

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**


बरकट्ठा बजरंग दल की बैठक

बरकट्ठा दुर्गा मंदिर बरकट्ठा परिसर में विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल प्रखंड इकाई की बैठक प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव की अध्यक्षता में की गई संचालन प्रखंड मंत्री सत्यम भारती ने किया।मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष सह प्रखंड पालक अरविंद मेहता उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करके संगठन ने कार्ययोजना बनाते हुए विस्तृत चर्चा किया साथ ही संगठन विस्तार पर भी चर्चा किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड उपाध्यक्ष बिनोद प्रसाद, प्रखंड संयोजक दीपक राणा, प्रखंड धर्म प्रचार प्रमुख धीरज गुप्ता, प्रखंड गौ रक्षा प्रमुख विक्की चंद्रवंशी, धर्माचार्य कृष्णा प्रसाद, बरकट्ठा उत्तरी पंचयात अध्यक्ष सुजीत मोदी, मंत्री विक्की गुप्ता, संयोजक सुमन गुप्ता, सह संयोजक राज गुप्ता, मिलन प्रमुख युवराज अग्रहरी, शिलाडीह पंचयात अध्यक्ष मुकेश पांडेय, मंटू पांडेय, बेलकप्पी पंचयात संयोजक विपुल कु पांडेय, श्याम किशोर पांडेय, रवि पांडेय, प्रतुल पांडेय, बंडा. सिंघा पालक गणेश नायक, झुरझुरी पंचयात मंत्री अमित सोनी, सलैया पंचयात सह संयोजक बिनोद कुमार, विक्की कुमार, अंकित गुप्ता समेत सभी पंचयात पदाधिकारी उपस्थित होकर अपना विचार रखें एवं संगठन मजबूती की चर्चा की गई

## हनुमान वानर की सड़क दुर्घटना में मौत

### बेलकपी हनुमान मंदिर परिसर में बनी समाधी

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**


बरकट्ठा इसी हनुमान मंदिर में वानर राज को समाधि दी गयी

बरकट्ठा गोरहर थाना क्षेत्र के बेलकपी सूर्यकुंड मोड़ के पास जंगलों से भटक कर फोरलेन के पास विचरण कर रहे हनुमान प्रजाति के चार वानरों के झुंड में से एक हनुमान वानर एक अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गयी ज्ञात है हनुमान वानरों का दल पिछले एक सप्ताह से महाबर पहाड़ से भटक कर बेलकपी व आसपास के इलाकों में उछल कूद कर रहे थे उनके मौत के बाद बेलकपी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य विकास कुमार पांडेय के नेतृत्व में हनुमान जी की पार्थिव शरीर को विधि विधान से बेलकपी गांव स्थित हनुमान मंदिर परिसर में समाधी दे दी गयी इस कार्य मे गांव के विजय नायक, चंदन पांडेय, सुरेश नायक, ननद किशोर ठाकुर, रणजीत पांडेय, श्यामकांत पांडेय, राजेन्द्र रविदास, वीरेंद्र पांडेय, सतीश पांडेय ने इस पुनीत कार्य को सम्पन्न कराया ।

## स्व.गांगो महतो फुटबॉल टूर्नामेंट का विधायक ने किया उद्घाटन

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा चलकुसा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चटकरी में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्व.गांगो महतो मेमोरियल एक दिवसीय फुटब०ल प्रतियोगिता मैच का आयोजन किया गया टूर्नामेंट का उद्घाटन आयोजक व मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव ने विधिवत फीता काटकर एवं ब०ल को किक मारकर किया। उद्घाटन से पहले सर्वप्रथम विधायक ने अपने पिता भूतपूर्व विधायक स्व. चितरंजन यादव की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। उद्घाटन मैच यादव स्पोर्टिंग क्लब डुमरीयाटांड बनाम टाइगर टीएसएन क्लब आरागारो के बीच खेला गया। मैच में यादव स्पोर्टिंग क्लब डुमरियाटांड को पराजित किया इस मौके पर उद्घाटन मैच में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी चल. कुशा समरेश प्रसाद भंडारी, अंचल अधिकारी शशिकांत सिंकर, थाना प्रभारी ओमप्रकाश पांडेय, गोरहर थाना प्रभारी कृष्णा कुमार शाह, सांसद प्रतिनिधि रघुवीर प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह,बरकट्ठा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, बेडोकला भोला प्रसाद, चलकुशा मंडल अध्यक्ष अशोक वर्णवाल, मुखिया प्रतिनिधि बासुदेव यादव, रवि कुमार निराला, मुकेश यादव, राजकुमार यादव, रवि गोस्वामी, सुरेंद्र साव,इंददेव यादव, समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## झारखंड आंदोलनकारी चिन्हितिकरण आयोग कार्यालय के समक्ष धरना की बनी रणनीति

### आयोग के सुस्त रवैये पर आंदोलनकारियों ने जताई चिंता

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**


झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक में शामिल लोग

झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक सोमवार को चेड़रा करोंज मोड़ स्थित दुलारचंद प्रसाद के आवासीय परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता माले जिला सचिव पच्चु राणा ने की। इसमें शामिल सदस्यों ने झारखंड आंदोलनकारियों का चिन्हितिकरण हेतु आयोग के सुस्त रवैए पर गहरी चिंता व्यक्त की। आवेदन पर गति लाने के लिए आयोग कार्यालय, रांची में धरना कार्यक्रम की रणनीति तैयार की गई। निर्णय लिया गया कि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा द्वारा 9 अक्टूबर को आयोग कार्यालय रांची में धरना दिया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर योजना बनाई गई। सदस्यों ने झारखंड सरकार से मांग करते हुए कहा कि झारखंड आंदोलन के बल पर अलग किया गया। इसमें आंदोलनकारियों की बड़ी भूमिका है। आंदोलनकारियों को सरकारी सुविधाओं का लाभ के अलावा प्रखंड व अंचल कार्यालय में आंदोलनकारियों की समस्याओं का समाधान सुविधाजनक तरीके से हो। मौके पर अशोक गुप्ता, दुलारचंद प्रसाद, सोहराय मांझी, घनश्याम पाठक, निर्मल महतो, इस्माइल अंसारी, करीमुद्दीन अंसारी, विश्वासी सिंह, अरविंद मरांडी, बासुदेव मंडल, किटी सिंह, मेहीलाल बेसरा, बिशुन हेम्ब्रम, सुंदरलाल हांसदा, भिखो भुईयां, चुन्नू हांसदा, अर्जुन सोरेन, सीताराम मुर्मू, छोटका मुर्मू, भैया लाल बेसरा, महतो सोरेन, सीताराम हेम्ब्रम, बबलू बेसरा आदि मौजूद थे।

## बादम में शांति समिति की विशेष बैठक की गई, कमिटी का गठन किया गया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : प्रखंड के बादम पंचायत अंतर्गत बालिका उच्च विद्यालय सभागार सभा में शांति समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी महेंद्र नाथ पांडेय एवं संच. ालन पूर्व मुखिया दीपक दास ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की उपस्थित हुए। वक्ताओं ने बारी बारी से उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित किया। समाज में फैल रही बुराइयों को कैसे खत्म किया जाए इस पर विशेष चर्चा की गई। उपस्थित लोगों ने कहा के समाज को बेहतर बनाने के लिए गांव में शराब और नशीली वस्तुओं पर रोक लगाना होगा। किसी भी मामले पर हिंदू मुसलमान न किया जाए। गांव में सांप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखने के लिए एक कमिटी का निर्माण किया गया जिसमे सभी वर्ग के लोगों की भागीदारी सु. निश्चित की गई। मौके पर थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने कहा के कानून हाथ में लेने वालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। कहीं भी कोई असमाजिक तत्व समाज के विरुद्ध कोई कार्य करता है तो उसकी सूचना प्रशासन को दीजिए निश्चित तौर पर करवाई की जाएगी। समा. जसेवी महेंद्र नाथ पांडेय और शेख अब्दुल्लाह ने कहा के अपनी निजी स्वार्थ के लिए गांव और समाज को हिंदू मुस्लिम में न बांटा जाए। मौके पर मुख्य रूप से गौतम वर्मा, संतोष महतो, संतोष कुशवाहा, रियाज अहमद, शारिक अशरफ, जावेद हुसैन, चंद्रदेव राम, त्रिलोकी साव, करीम साव, विक्रम गुप्ता, रमजान अली, फिरोज अंसारी, गोविंद महतो, जुनेद अहमद, सोलु खान, मंजर, रियासत अंसारी, रफसान, नीरू महतो, बबलू वर्मा, अर्जुन साव, हाजी सामो सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## सर्पदंश से मृत्यु

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा गोरहर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत शिलाडीह बाजुकोला निवासी 38 वर्षीय शिबराम बास्के पिता कैला मांझी की मृत्यु सर्पदंश से हो गई पंचायत प्रतिनिधि मो शमीम अंसारी ने कहा मृतक शिबराम बास्के एक सामाजिक सोच के आदिवासी सजग व्यक्ति उनकी मृत्यू से समाज को अपूर्ण क्षति हुई है मेरे बहुत ही नजदीकी थे ।

APEM
LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## झारखंड में ओएमआर शीट पर जेपीएससी टेस्ट लेने व ओएमआर मशीन से कॉपी जांच करने वाला पहला संस्थान बना चाणक्य आइएएस एकेडमी

### प्रत्येक सप्ताह होगा ओपन टेस्ट का आयोजन, इच्छुक अभ्यर्थी पंजिकरण कराकर हो सकते हैं टेस्ट में शामिल

### हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यमों में टेस्ट देने की होगी सुविधा

**अपेम लाइव : हजारीबाग**



हजारीबाग। आगामी 25 सितंबर को झारखंड में पहली बार किसी संस्थान की ओर से ओपन निरू शुल्क मेगा जेपीएससी पीटी टेस्ट कराया जा रहा है, जो ओएमआर शीट पर लिया जाएगा और इसकी जांच भी ओएमआर मशीन के माध्यम से कराई जाएगी। दरअसल यह पहल सिविल सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाले चाणक्य आइएएस एकेडमी की ओर से किया जा रहा है। उक्त जानकारी चाणक्य आइएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा ने सोमवार को कौशल्या प्लाजा स्थित संस्थान के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान मीडियाकर्मियों को दी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से अभ्यर्थी जेपीएससी की परीक्षा देते हैं, ठीक उसी प्रकार टेस्ट लिखने से अभ्यर्थियों में जहां एक ओर आत्मविश्वास बढ़ेगा, वहीं अभ्यर्थी परीक्षा की कई बा. रीकियों से भी अवगत होंगे। उन्होंने बताया कि आगामी 25 सितंबर को निरू शुल्क मेगा जेपीएससी पीटी टेस्ट लिया जा रहा है। इसके साथ ही अब चाणक्य आइएएस एकेडमी में प्रत्येक सप्ताह रविवार को ओपन जेपीएससी टेस्ट ओएमआर शीट पर होगा और इसकी जांच भी ओएमआर मशीन के माध्यम से कराई जाएगी। साथ ही इसके ट०पर को सम्मानित भी किया जाएगा। जेपीएससी की तैयारी कर रहे कोई भी अभ्यर्थी संस्थान में पंजीकृत कराकर इस टेस्ट में शामिल हो सकते हैं। श्री मिश्रा ने कहा कि चाणक्य आइएएस एकेडमी में यूपीएससी फा. उंडेशन कोर्स की ही तर्ज पर जेपीएससी फाउंडेशन कोर्स भी संचालित किया जा रहा है, जिसमें बेसिक से शुरू कर पाठ्यक्रम की तैयारी, रि. विजन और इंटरव्यू यानि संपूर्ण तैयारी महज़ एक वर्ष में कराई जाती है। उन्होंने कहा कि यह तैयारी हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यमों में विषय विशेषज्ञों द्वारा कराई जाती है। मौके पर मौजूद संस्थान की जेनरल मैनेजर रीमा मिश्रा ने कहा कि चाणक्य आइएएस एकेडमी अपने शुरुआती दिनों से ही पढ़ाई की गुणवत्ता बरकरार रखने के साथ साथ इसमें नई-नई तकनीकों का समावेश करता रहा है। यही वजह है कि चाणक्य आइएएस एकेडमी में अत्याधुनिक लाइब्रेरी की सुविधा के साथ साथ स्मार्ट क्लासरूम की सहायता से यूपीएससी व जेपीएससी के परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों की कक्षाएं संचा. लित की जाती है, ताकि संस्थान के हजारीबाग शाखा में भी राजधानी दिल्ली जैसी तमाम सुविधाएं मुहैया हो और अभ्यर्थियों की तैयारी को सफलता के मुकाम तक पहुंचाया जा सके। इसी कड़ी में अब ओएमआर शीट पर लिया जाने वाला टेस्ट भी जुड़ गया है। श्रीमति मिश्रा ने बताया कि चाणक्य आइएएस एकेडमी झारखंड का पहला संस्थान बन चुका है, जहां अब ओएमआर शीट पर टेस्ट सिरीज़ आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि स्मार्ट क्लासरूम, अत्याधुनिक लाइब्रेरी, स्टडी मेटेरियल, लगातार सक्सेस गुरू एके मिश्रा, वाइस प्रे. सिडेंट विनय मिश्रा व जेनरल मैनेजर रीमा मिश्रा के द्वारा मिलने वाला मार्गदर्शन, नियमित टेस्ट सिरीज़, विशेष डाउट क्लासेस, पढ़ाई के अनुकूल वातावरण के साथ साथ अन्य सुविधाएं अभ्यर्थियों के लिए तो पहले से संस्थान में मुहैया कराई जा रही थी, अब इन सुविधाओं की फे. हरिश्त में ओएमआर शीट पर लिया जाने वाला नियमित टेस्ट भी शामिल हो गया है, जो अभ्यर्थियों की सफलता में काफी मददगार साबित होगा। वहीं चाणक्य आइएएस एकेडमी हजारीबाग ब्रांच के सेन्टर हेड मोहन कुमार ने कहा कि अगामी कुछ सप्ताह में जेपीएससी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला क्षेत्रीय भाषा कि तैयारी भी संस्थान में कराई जाएगी, जिसके अन्तर्गत खोरठा, नागपुरी, इग्लिंश एवं अन्य भाषाओं का भी तैयारी कराई जाएगी, वह भी बहुत ही कम शुल्क में उपलब्ध होगा। मौके पर उपस्थित चाणक्य आइएएस एकेडमी के मुख्य झारखण्ड प्रशानिक अधिकारी अभिनव मिश्रा ने बताया कि यूपीएससी व जेपीएससी की तैयारी करने करने के लिए केवल पीटी ही नही बल्कि आगे मेन्स, इंटरव्यू भी आवश्यक है। इन्हीं बातों के मद्देनजर रखते हुए झारखण्ड में चाणक्य आइएएस एकेडमी यूपीएससी फाउंडेशन कोर्स के तर्ज पर ही संस्थान जेपीएससी फाउंडेशन कोर्स की तैयारी अभ्यर्थियों को करा रही है। साथ ही उन्होनें कहा कि आने वाली सिविल सर्विसेस की परीक्षाओं को पास करने के लिए अभ्यर्थियों को अभी से तत्पर्य रहना चाहिए और सही मार्गशर्दन लेना चाहिए।

## 25 वर्षीय युवक ने लगाया फांसी, स्तिथि गंभीर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही थाना अंतर्गत पटना रोड गिलान निवासी संतोष कुमार यादव उम्र 25 वर्ष पिता तिलक यादव घेरलू विवाद में आकर फांसी लगा लिया। लेकिन समय से जानकारी मिलने पर परिजनों ने उसे आनन फानन में बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में उसे सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।




## दिव्यांग बसंत को मिली बैटरी चालित ट्राई साइकिल

### सांसद का पहल लाया रंग,विकलांग बसन्त के परिजनों ने सांसद सहित भाजपा परिवार को कहा धन्यवाद

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी : माननीय प्रधानंत्री नरेंद्र भाई मोदी के जन्म के मौके पर भाजपा द्वारा मनाए जा रहे सेवा सप्ताह के दौरान सोमवार को आखिरकार दिव्यांग बसंत को बैटरी चालित साइकिल मिल ही गया। अब बसंत जमीन पर घिसटाकर कर नहीं बल्कि बैटरी चालित ट्राई साइकिल के सहारे स्कूल पढ़ाने जा सकेगा। दरअसल बसंत काफी दिनों से मदद का गुहार लगा रहा था। वहीं सांसद सुनील कुमार सिंह के सौजन्य से सोमवार को दिव्यांग बसंत को बैटरी चालित साइकिल दिया गया है। लाभुक के परि. जनों ने सांसद सुनील सिंह सहित भाजपा परिवार का आभार ब्यक्त किया हिया।मौके पर जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा,कान्हाचट्टी मंडल अध्यक्ष सतीश सिंह, सिमरिया युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंकित सिंह सांसद प्रतिनिधि अमित तिवारी जिला किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष रविंद्र सिंह की उपस्थिति में प्रदान किया गया। बताते चले की बसंत की इच्छा शक्ति, लगन और कुछ कर गुजरने की चाहत ने कभी मुश्किल आड़े हाथ नहीं आने दिया। कान्हाचट्टी बाजार निवासी 35 वर्षीय बसंत ठाकुर बचपन से ही दिव्यांग है। वह अपने दिव्यांगता को अभिशाप नहीं बल्कि वरदान मानते हैं। बसंत का मानना है अगर हौसले बुलंद हो तो दिव्यांग आड़े हाथ नहीं आता बसंत अत्यंत साधारण परिवार से संबंध रखता है। वहीं माता पिता मजदूरी करते हैं। जो उनके परिवार के लिए आजीविका का मुख्य साधन है। बसंत फिलहाल सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालय में सहायक शिक्षक पद पर कार्यरत है। दिव्यांग बसंत को बैटरी चालित ट्राई साइकिल मिलने से अब दैनिक दिनचर्या सहित अन्य कार्यों में सुविधा प्रदान होगी। बसंत को बैटरी चालित ट्राई साइकिल मिलने से काफी हर्ष है। ट्राई साइकिल से बसंत घर-घर जाकर बच्चों को ट्यूशन पढ़ा सकेगा।

